/

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : eanugya@gmail.com Tel: 0755-4270561

कमांक / बी–5 / 2 / ई–अनुज्ञा / 2021–22 / 159 भोपाल दिनांक 06 अगस्त 2021

प्रति,

1/ संयुक्त संचालक / उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल / इंदौर / उज्जैन / ग्वालियर / सागर / जबलपुर / रीवा (म0प्र0)

2/ भारसाधक अधिकारी / सचिव,
कृषि उपज मण्डी समिति,
समस्त जिला समस्त।

विषयः–"ई–अनुज्ञा" पोर्टल पर ई–अनुज्ञा पत्रों का समय पर सत्यापन करने संबंधी।

–0–

उल्लेखित विषय में दिनांक 01 / 06 / 2021 को मण्डी बोर्ड मुख्यालय में ई–अनुज्ञा कियान्वयन संबंधी सम्पन्न वर्चुअल बैठक एवं दिनांक 21 / 06 / 2021 को मण्डी बोर्ड मुख्यालय से आयोजित आंचलिक विडियो समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक महोदया के द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये गये हैं :–

यह देखने में आया है कि मण्डी सचिवों के द्वारा ई–अनुज्ञा पोर्टल पर अनुज्ञा पत्रों का सत्यापन समय पर नहीं किया जा रहा है। ध्यान देने योग्य यह है कि अनुज्ञा पत्र जारी होने पर अनुज्ञा पत्र की कृषि उपज 72 घंटे की अवधि में केता व्यापारी को प्राप्त हो जाना चाहिये साथ ही प्रावधान अनुसार केता व्यापारी को उपज प्राप्त होने से 14 दिवस की अवधि में अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपरोक्त मण्डी समितियों द्वारा अनुज्ञा पत्र जारी होने के 72 घंटे की परिवहन अवधि एवं 14 दिवस प्रस्तुत करने की अवधि में सत्यापित नहीं करते हुये अनुज्ञा जारी होने के काफी समय पश्चात सत्यापित किये गये है, जिसकी सूची परिशिष्ट–01 पर संलग्न है। उपरोक्त स्थिति ई–अनुज्ञा कियान्वयन के विपरीत होकर अत्यंत आपत्तिजनक है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि लंबित ई–अनुज्ञा पत्रों का सत्यापन समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही भविष्य में इसकी पुर्नरावृत्ति पुनः न करें अन्यथा संबंधित मण्डी सचिव के विरुद्व अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

प्रबंध संचालक द्वारा आदेशित।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

(आर.पी. चक्रवर्ती)
संयुक्त संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

कमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा/2021–22/150 भोपाल दिनांक 06 अगस्त 2021

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक के मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(02) श्री मुर्शरफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(03) सहायक संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(04) श्री राकेश दुबेजी, मण्डी सचिव (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

(05) श्री रामकिशुन असाटी, ई–अनुज्ञा कंसलटेंट, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल।

संयुक्त संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

परिशिष्ट-01

प्राप्त अनुज्ञा पत्र जो 14 दिन बाद सत्यापित हुए है रिपोर्ट(बाहर ले जाने का उद्देश्य - SALE)

स.क्र.	आँचलिक कार्यालय	कुल अनुज्ञा पत्र
1	Indore	4983
2	Jabalpur	1509
3	Rewa	1128
4	Ujjain	928
5	Bhopal	824
6	Gwalior	577
7	Sagar	368
	प्रिंट दिनाँक एवं समय : 09-08-2021 12 : 0	10,317